हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 71 देहरादून, बुधवार, 06 सितंबर, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



आमजन की समस्याओं का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता : उदयराज सिंह, डीएम

3

# जनता का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं : धामी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 6 सितंबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के सभी नागरिकों को आश्वस्त किया है कि सड़कों के किनारे राजकीय भूमि में अतिक्रमण हटाने के नाम पर सरकारी मशीनरी द्वारा किसी भी नागरिक का उत्पीडन नहीं किया जाएगा। किसी के भी वैध निर्माण में किसी भी तरह की तोड़-फोड़ नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये हैं कि जिलाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी विभाग द्वारा किसी भी नागरिक का उत्पीड़न न हो। जब तक यह सुनिश्चित नहीं हो जाता कि किया गया निर्माण राजकीय भूमि में हैं और अवैध निर्माण को हटाया जाना आवश्यक है, तब तक कोई तोड़-फोड़ नहीं की जाए। परन्तु वन भूमि में लैन्ड जिहाद के नाम पर किये गये अवैध कब्जों के विरूद्ध कार्यवाही जारी रहेगी।



# डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर अफसर ठोस काम करें : सीएम

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 6 सितंबर , मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने राज्य में डेंगू बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर अफसरों को और ठोस काम करने व गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय और स्वास्थ्य सचिव डा. आर राजेश कुमार को इस संबंध में निकाय अफसरों के साथ बैठक करने के निर्देश दिए। राज्य के विभिन्न जिलों में डेंगू चरम पर है। खासकर देहरादून में स्थिति यह है कि अस्पतालों में मरीजों को आसानी से बेड नहीं मिल पा रहे हैं।

डेंगू से अब तक कई मौतें भी हो चुकी हैं। इसके मद्देनजर मुख्यमंत्री धामी ने इस बीमारी के प्रभावी रोकथाम के लिए फिर से अफसरों को चेताया है। उन्होंने दून में समस्या बढ़ते देखते हुए अपने सचिव व कमिश्नर गढ़वाल विनय शंकर को शीघ्र ही सचिव स्वास्थ्य एवं नगर निगम अफसरों के साथ बैठक कर डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण करने को कहा। उन्होंने कहा कि फॉगिंग और अस्पतालों में डेंगू के मरीजों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि डेंगू से बचाव के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाए। स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को भी निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में डेंगू के मामले बढ़ रहे हैं, ऐसे क्षेत्रों में लगातार सतर्कता अभियान चलाया जाए।

गुलामी की मानसिकता पर गहरी चोटः मुख्यमंत्री धामी ने जी-20 समिट के दौरान राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले रात्रि भोज के निमंत्रण पत्र पर 'द प्रेसीडेंट आफ भारत' लिखे जाने का स्वागत किया है। कहा कि यह प्रत्येक देशवासी के लिए गौरव का क्षण है। यह गुलामी की मानसिकता पर एक और गहरी चोट है। मुख्यमंत्री ने अपने इस बयान को सोशल मीडिया पर भी जारी किया है।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद्, भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती पर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान से समाज हमेशा प्रेरित होगा। उन्होंने 'शिक्षक दिवस' की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।

# डेंगू : आयुक्त गढ़वाल मण्डल विनय ने की दून में अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 6 सितंबर ,जनपद के शहरी इलाकों में तेजी से बढ़ रहे डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर आज आयुक्त गढ़वाल मण्डल विनय शंकर पांडेय ने देहरादून नगर निगम सभागार में अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आयुक्त गढ़वाल मण्डल ने डेंगू से बचाव के लिए प्रत्येक वार्ड में दो शिफ्ट में कार्य करने के निर्देश नगर निगम को दिए। उन्होंने कहा कि डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में सुबह व शाम को प्रभावशाली लार्वा साइडल का छिडक़ाव किया जाय साथ ही प्रभावी रूप से फॉगिंग की जाय। उन्होने कहा शहरी क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में कोविड काल के दौरान प्रयोग में लाए गए बड़े टेक्टर फोगिंग मशीन से लार्वा साइडल का छिडक़ाव किया जाय तथा एक दिन में 20-25 वार्ड कवर करने के निर्देश दिए।। इसके अतिरिक्त प्रत्येक वार्ड में 10 से 15 फॉगिंग मशीनों से एक साथ फोगिंग की जाय।

आयुक्त गढवाल मण्डल ने कहा कि डेगूं के प्रभावी नियंत्रण को लेकर लार्वा पनपने वाले स्थानों को चिन्हित करते हुए लार्वा नष्ट किया जाना अतिआवश्यक है। इसलिए लार्वा व फॉगिंग के लिए अलग-अलग टीमें बनाकर त्परता से युद्धस्तर पर कार्य किया जाय। उन्होंने कहा कि जल भराव वाले स्थानों,नालियों,रास्ते के गड्ढे,निर्माणाधीन भवनों आदि स्थानों पर बनाएं गए गड्डो में भी छिडक़ाव किया जाय तथा रिस्पना व बिंदाल नदियों के ऐसे किनारे जहां गड्ढों में पानी इक_ा है और आदमी की पहुंच से दूर है ऐसे स्थानों को चिन्हित कर ड्रोन से लार्वा साइडल का छिडक़ाव किया जाय ताकि लार्वा न पनप सके। आयुक्त ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी को चेतावनी देते हुए कार्यों में तेजी लाने को कहा तथा प्रत्येक वार्ड में नष्ट किए गए लार्वा व फोगिंग की रिपोर्ट दैनिक रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आयुक्त गढवल मण्डल श्री पांडेय ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि शहर में डेंगू तेजी से फैल रहा है। अस्पताल में आने वाले डेंगू के लक्षण वाले मरीजों का उचित ईलाज किया जाय। मरीज कतई भी परेशान न हो इसका पूरा ख्याल रखा जाय। उन्होंने कहा कि डेंगू के प्रभावी नियंत्रण को लेकर जनजागरूकता भी आवश्यक है,इसलिए नगर निगम के सभी डोर टू डोर कूड़ा उठान वाहनों से डेंगू के लक्षण व बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में प्री रिकॉर्डिंग ऑडियो चलाते हुए जनजागरूकता कार्यक्रम भी चलाएं जाए। साथ ही आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से भी जनता को जागरूक करने पर जोर दिया गया।

नगर आयुक्त, उप नगर आयुक्त सहायक नगर आयुक्त को डेंगू के प्रभावी निंयत्रण को लेकर फील्ड में उतरने के निर्देश दिए साथ ही सैनट्री निरीक्षकों को सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने हेतु अभियान चलाने के निर्देश ।

इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका, मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम मनुज गोयल, प्रधानाध्यापक दून मेडिकल कालेज डॉ आशुतोष सडाना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संजय जैन,प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय डॉ शिखा जंगपांगी, उप नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ दिनेश चौहान, डॉ सी.एस रावत, नगर स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम डॉ अविनाश खन्ना, जिला डेंगू मलेरिया अधिकारी डॉ सुभाष जोशी सहित, बाल विकास, पंचायतीराज, जिला पंचायत, बाल विकास आदि सम्बन्धित समस्त विभागों के अधिकारी एवं आशा कार्यकर्ति उपस्थित उपस्थित रही।

# बदलते दौर में शिक्षक और विद्यार्थियों के रिश्ते में आ गया बदलाव : निशंक

हरिद्वार। सांसद डॉ.रमेश पोखिरियाल निशंक ने कहा कि बदलते दौर में शिक्षक और विद्यार्थियों के रिश्तों में बदलाव आ रहा है। जरूरत है कि शिक्षक और विद्यार्थियों के रिश्तों को मधुर बनाएं मंगलवार को सांसद डॉ. निशंक ने बहादराबाद स्थित एंजिल्स एकडेमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ओशीन वीमेन एंड चिल्ड्रन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में शिक्षक को भगवान के समान माना जाता है। शिक्षक दिवस के दिन ही नहीं, बल्कि जीवनभर शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। इससे पहले कक्षा 12वीं की छात्राओं द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत की। कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत किया। ट्रस्ट की अध्यक्षा रश्मि चौहान ने पूनम चौहान, डॉ. विनय कुमार सेठी, रंजना सिंह, भानु प्रताप शर्मा, नीलम सिंह, पंकज कुमार चौहान, डॉ.करण सिंह, राजेश भंडारी, सीताराम सिंह, मीनाक्षी सिंह रावत, विनय कुमार शर्मा, अरविंद नारायण मिश्र, डॉ. शिवकुमार चौहान, रोहित चौहान, डॉ.विजय वेदांत, रविंद्र रोड, शिवानी विनायक, नीता नायर, डॉ.मौसमी गोयल, अरुण कुमार श्रीवास्तव, राजेंद्र कुमार चौधरी, प्रदीप कुमार शर्मा, उर्मिला पुंडीर, शुभांगी शर्मा आदि शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। इस दौरान बद्री प्रसाद उपाध्याय, विश्वेन्दु सिंह चौहान, रवि चौहान, संजय शर्मा, सुशील बिष्ट, हेमलता, चंद्रिका चौहान, शगुन वर्मा, सुदेश वर्मा, आशीष जैन, राजीव कुमार, हरमनप्रीत कौर, रितु शर्मा, मनी अरोड़ा, प्रशांत जायसवाल, विशाल गर्ग, आलोक भूषण, सुधा श्रीवास्तव, प्रियंका खरे, आदित्य कुमार, गणेश धपोला, कुन्दन सिंह,अनीता चौहान, दीपिका कुकरेती, लवलीन कपूर, रेनू शर्मा, दीपिका शर्मा, सुरेंद्र सिंह सिंधु, कमल कुमार, जय कुमार, संजीव शर्मा, भारती कश्यप, मीनाक्षी त्यागी मौजूद रहे।

# हीरा चाटने से हो जाती है लोगों की मौत इस बात में कितनी है सच्चाई, जानिए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 06 सितम्बर : धरती पर मौजूद हीरे को सबसे महंगी चीजों में शामिल किया जाता है. इसका इस्तेमाल गहने बनाने और कांच काटने जैसे दूसरे कामों में किया जाता है. साइंस में आपने पढ़ा होगा की हीरा धरती पर मौजूद सबसे कठोर पदार्थ है जोकि कार्बन का ही एक सॉलिड फॉर्म है. इसके अलावा हीरा कार्बन का सबसे शुद्धतम रूप कहलाता है. इस ट्रांसपेरेंट रत्न के आर-पार आसानी से देखा जा सकता है. हीरे को कैरेट में नापा जाता है. हीरे से जुड़ी कुछ बातें आपने भी जरूर सुनी होंगी. जैसे कुछ लोग मानते हैं कि अगर कोई शख्स हीरे को चाट लेता है तो इससे उसकी मौत हो जाती है. आइए जानते हैं कि इस बात में कितनी सच्चाई है.

कई लोग आज भी इस बात को मानते हैं कि हीरे को चाटने से इंसानों की मौत हो जाती है.

आपको बता दें कि ऐसा नहीं होता है क्योंकि हीरा कोई जहरीला पदार्थ नहीं है. हालांकि इस बात की पूरी संभावना है कि हीरा निगलने से आपको खतरा जरूर हो सकता है फिर वह उस शख्स के लिए जानलेवा बने इसकी उम्मीद बहुत ही कम की जाती है.

कार्बन से बने हीरे की कठोरता का राज उसकी रासायनिक संरचना है जिसमें कार्बन के परमाणु आपस में बहुत मजबूती से एक - दूसरे के साथ जुड़े होते हैं. इसमें कार्बन का एक परमाणु कार्बन के अन्य चार परमाणुओं से जुड़ा होता है और समचतुष्फलक ज्यामिति संरचना का निर्माण करता है. हीरे के नाम तौल




की बात की जाए तो इसका 1 कैरेट करीब 200 मिलीग्राम के बराबर होता है.

अगर किसी को लगता है कि वह हीरे को दांतों से चबाकर उसे तोड़ सकता है तो आपको बता दें कि ऐसा कर पाना नामुमकिन है.

# खाना खाने के बाद पानी पीना कितना सही, जानें एक्सपर्ट्स क्या कहते हैं

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 06 सितम्बर : ऐसा माना जाता है कि खाना खाते वक्त या फिर खाना खाने के बाद तुरंत पानी पी लेने से आपका पाचन खराब हो सकता है। कई आयुर्वेदिक एक्सपर्ट्स का यह भी मानना है कि खाना खाने के कम से कम आधे घंटे बाद ही पानी पीना चाहिए। हालांकि, कई बार आप प्यास को कंट्रोल कर पानी नहीं भी पीते हैं, लेकिन इससे चक्कर में 2-3 घंटे बाद आपको पानी की याद आती है। इसकी वजह से आप डीहाइड्रेटेड हो सकते हैं।

पोषण विशेषज्ञ भुवन रस्तोगी ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में बताया कि इस बात का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है कि भोजन के समय पानी नहीं पीना चाहिए। ?कई लोगों का मानना होता है कि खाने के साथ या तुरंत बाद में पानी पीने से डाइजेस्टिव एंजाइम्स घुल जाते हैं और पाचन पर असर डालते हैं। अभी तक इसका समर्थन करने के लिए कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है, इसलिए इसे कैसे मान लिया जाए ??पोषण विशेषज्ञ ने दूसरा लॉजिक देते हुए कहा कि हमारे खाने में वैसे भी कई सारे तरल पदार्थ होते हैं, और उनसे कोई नुकसान नहीं होता।

हम सूप पीते हैं, सलाद में 80 से 90 फीसदी पानी होता है। पारंपरिक खाने की बात करें, तो हरी सब्जियों में पानी की मात्रा काफी होती है, सब्जी में ग्रेवी भी पानी से ही बनाई जाती है। हम खाने के साथ छाछ पीते हैं।

खाना खाने के बाद पानी न पीना असल में नुकसान कर सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि हम खाने के बाद पानी पीने के लिए काफी देर इंतज़ार करते है, जिससे लंबा समय शरीर में पानी नहीं जाता।कई लोग खाना खाने से एक घंटा पहले और बाद में 2 घंटा पानी नहीं पीते। इससे वह दिनभर में 3-4 लीटर पानी



नहीं पी पाते और शरीर में पानी की कमी होने लगती है। पानी की कमी से जल्दी-जल्दी कब्ज, एसिडिटी, यूरिन इन्फेक्शन, किडनी स्टोन्स आदि का जोखिम बढ़ता है। भुवन रस्तोगी का मानना है कि खाते समय पानी न पीने की जगह बेहतर है कि फोकस इस बात पर करें कि पानी का सेवन कैसे बढ़ाएं। अगर आप दोनों बातों का पालन कर पाते हैं, तो अच्छा है, लेकिन अगर इस चक्कर में कम पानी पी रहे हैं, तो यह सेहत को नुकसान पहुंचाएगा।

# इस देश में मर्दों का बाप बनना बैन है !





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 6 सितंबर , कुछ ही दिन पहले भारत ने सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश का खिताब अपने नाम किया था. आज के समय में दुनिया में सबसे अधिक आबादी हमारे देश में रहती है. एक बार सोचकर देखिए, क्या ऐसा भी कोई देश होगा जहां कम आबादी तक तो ठीक, बल्कि वहां कोई बच्चा जन्म ही नहीं लेता होगा. अगर आप ऐसा सच में सोच रहे हैं तो जान लीजिए कि इस सवाल का जवाब है और ऐसा एक देश है, जहां किसी को भी बच्चा पैदा करने की मनाही है.

वेटिकन सिटी में नहीं पैदा कर सकते बच्चा

वेटिकन सिटी विश्व का सबसे छोटा देश है. यह रोमन कैथोलिक चर्च के नेता का आधिकारिक घर भी है. हालांकि यह छोटा है, यह राज्य दुनिया के कुछ सबसे शानदार जगहों में से एक है. उनमें से 17वीं शताब्दी का सेंट पीटर स्क्वायर और एक संग्रहालय है जिसमें दुनिया की कुछ सबसे प्रसिद्ध कला कृतियां हैं. हालांकि दिलचस्प बात यह है कि कोई भी व्यक्ति वेटिकन सिटी को अपना जन्मस्थान नहीं कह पाता. देश का निवासी भी नहीं ! इसके पीछे एक शानदार कारण हैं. दरअसल, वेटिकन सिटी में किसी का जन्म नहीं होता, क्योंकि वहां बच्चों के जन्म के लिए कोई अस्पताल या सुविधाएं नहीं हैं. सभी नागरिक दूसरे देशों से हैं, और इनमें से अधिकांश ब्रम्हचारी पुरुष हैं. इसका मतलब है कि उन्हें धर्म के कारण शादी करने या बच्चे पैदा करने की अनुमति नहीं है.

इसे सबसे छोटा देश का भी मिला है खिताब

वेटिकन सिटी को दुनिया का सबसे छोटा देश माना जाता है, जिसका कुल क्षेत्रफल केवल 49 हेक्टेयर है और आबादी 1,000 से कम है, इसके बाद मोनाको, नाउरू और तुवालु हैं. वहीं अगर हम क्षेत्रफल के हिसाब से सबसे बड़े देश की बात करें तो वर्ल्ड मीटर के अनुसार, दुनिया का सबसे बड़ा देश रूस है. देश का कुल क्षेत्रफल 6.6 मिलियन वर्ग मील या 17 मिलियन वर्ग किलोमीटर से अधिक है. रूस यूरोप और एशिया में स्थित एक अंतरमहाद्वीपीय देश है. जनसंख्या के हिसाब से भारत सबसे अधिक आबादी वाला देश है.

# प्रत्येक ग्राम पंचायत में लगेंगी स्वास्थ्य चौपाल : डॉ धन सिंह रावत

## आयुष्मान भवः अभियान के तहत होंगे स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न कार्यक्रम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 6 सितम्बर , स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न सेवाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयुष्मान भवः अभियान के तहत प्रत्येक गांव में स्वास्थ्य चौपाल का आयोजन किया जायेगा। जिसमें आयुष्मान कार्ड, डिजिटल हेल्थ आईडी बनाने के साथ ही विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी प्रदान करने के लिये आयुष्मान सभाओं का आयोजन किया जायेगा।

**17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मनाया जायेगा सेवा पखवाड़ा**

सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के दिशा निर्देश पर प्रदेशभर में 17 सितम्बर से 31 दिसम्बर तक आयुष्मान भवः अभियान चलाया जायेगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा पखवाडे. का आयोजन किया जायेगा। जिसके तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान के साथ-साथ अंग दान एवं रक्तदान के लिये पंजीकरण तथा स्वैच्छिक रक्तदान अभियान चलाया जायेगा।

सेवा पखवाड प्रदेशभर में आयोजित कार्यक्रमों में स्वैच्छिक रक्तदान हेतु एक लाख लोगों का पंजीकरण कराया जायेगा, जिसमें सभी सांसदों, विधायकों, जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भागीदारी मौजूद रहेगी। डॉ. रावत ने बताया कि आयुष्मान भवः अभियान के तहत गांव एवं कस्बों में आयोजित स्वास्थ्य चौपाल में अधिक से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड एवं आभा कार्ड (डिजिटल हेल्थ आईडी) बनाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि शत-प्रतिशत लोगों के आयुष्मान कार्ड व आभा कार्ड बनाये जाने पर ग्राम पंचायत तथा शहरी वार्ड को आयुष्मान ग्राम व आयुष्मान शहरी वार्ड का दर्जा प्रदान किया जायेगा।



विभागीय मंत्री डॉ. रावत ने बताया कि अभियान के दौरान आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उप जिला चिकित्सालयों में आयुष्मान मेलों का आयोजन कर आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर 10 संचारी रोगों की निः शुल्क जांच की जायेगी साथ ही इस अवसर पर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक किया जायेगा। विभागीय मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिलों, पंचायतों, शहरी वार्डों और निक्षय मित्रों को राज्य एवं जिला स्तरीय कार्यक्रमों में सम्मानित भी किया जायेगा। आयुष्मान भवः अभियान के सफल आयोजन के लिये विभागीय अधिकारियों को स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार से प्राप्त दिशा निर्देश के क्रम में सम्पूर्ण कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दे दिये गये हैं।

# आमजन की समस्याओं का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता : उदयराज सिंह, डीएम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रपुर , 6 सितंबर , जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में आमजन की समस्याओं के निराकरण हेतु तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस में सड़क, बिजली, सिंचाई, भू-कटाव, अतिक्रमण, जमीनी विवाद, पीएम आवास योजना में आवास चाहने आदि से सम्बन्धित 56 शिकायतें एवम मांग पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण किया गया।



डीएम ने कहा कि आमजन की समस्याओं का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनता की कोई भी समस्या हो, उसका व्यक्तिगत रुचि लेकर समाधान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने फील्ड कर्मचारियों को निर्देश दिये कि वे अपनी कार्य संस्कृति तथा व्यवहार से जनता में और अधिक विश्वास पैदा करें ताकि फरियादी निचले स्तर की समस्याएं लेकर उच्चाधिकारियों के पास फरियाद लेकर न पहुँचे। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जो समस्या जिस स्तर की है, उसी स्तर पर समस्या का समाधान हो जाना चाहिए। डीएम ने कहा कि तहसील दिवस में जिन समस्याओं का निस्तारण संभव नहीं हो पाया है, उन सम्स्याओं को सम्बन्धित विभागों को हस्तगत किया जा रहा हैं, उन सभी समस्याओं का समबद्धता एवं प्राथमिकता से निस्तारण करना सुनिश्चित करें और कृत कार्यवाही से फरियादियों को भी अवगत कराना सुनिश्चित करे

प्रमुख समस्याओं में गदरपुर राइस मिलर्स एसोसिएशन ने उत्तर प्रदेश की तर्ज पर उत्तराखण्ड में भी मण्डी शुल्क एवं विकास सेस में छूट की मांग करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में शुल्क एवं सेस में कमी के कारण किसान अपनी उपज उत्तर प्रदेश की मण्डियों में ले जाता है, जिससे राज्य का कारोबार प्रभावित होता है और राज्य को भी घाटा होता है, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पहलुओं का परीक्षण कराते हुए शासन से पत्राचार किया जायेगा। आढ़ती एसोसिएशन ने ठण्डी नदी के कारण अनाज मण्डी में जल भराव से होने वाले नुकसान की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अभियंताओं को जल भराव से निजात हेतु नदी चौड़ीकरण आदि की कार्यवाही करने व आगणन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

हरि शकर ने गोपाल नगर में कूड़ा निस्तारण की उचित व्यवस्था करने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि कूड़ा निस्तारण हेतु चिन्हित भूमि की नाप-जोख करते हुए राजस्व विभाग को कब्जा दिलाया जाये ताकि कूड़े का उचित निस्तारण किया जा सके। बाबू हुसैन ने वृद्धावस्था पेंशन की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को जांच कर, आय प्रमाणपत्र निर्गत करने तथा समाज कल्याण अधिकारी को सभी औपचारिकताएं पूर्ण कराने के निर्देश दिये। ग्राम प्रधान गजेन्द्र बिष्ट ने नाला सही कराने की मांग की, जिस पर डीएम ने सिंचाई विभाग के अभियंताओं को मनरेगा से लिंकेज करते हुए आगणन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।



राहुल चन्दौला ने वाहन दुर्घटना में मृत अपने पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने की मांग की,जिस पर जिलाधिकारी ने तह-सीलदार को तत्काल आपनी जांच आख्या देने तथा ग्राप पंचायत विकास अधिकारी को नियमानुसार प्राथमिकता से मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिये। बाल चन्द्र ने स्वतंत्रा संग्राम सेनानी उत्त-राधिकार प्रमाण पत्र की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने सीएससी व जन सेवा केन्द्र के माध्यम से आवेदक को आवेदन करने तथा उप जिलाधिकारी को आवेदन पर प्राथमिकता से कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

तहसील दिवस में स्वास्थ्य, समाज कल्याण, पंचायतीराज, समाज कल्याण, पशुपालन, पूर्ति, गन्न विकास, कृषि, मत्स्य, राजस्व, ग्राम्य विकास, बाल विकास, आदि विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

## पछुवादून, जौनसार बावर के शिक्षण संस्थानों में शिष्यों ने किया गुरुओं को सम्मानित

विकासनगर। शिक्षक दिवस पर पछुवादून, जौनसार बावर के शिक्षण संस्थानों में शिष्यों ने उनके जीवन को सही सांचे में ढालने के लिए अपने गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त कर उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया। इस दौरान सभी शिक्षण संस्थानों में प्राचीन भारतीय गुरुकुल परंपरा सजीव होती दिखाई दी। शिष्यों ने 'सब धरती कागद करूं, लेखनि करूं वनराय, सात समुद्र की मसि करूं गुरु गुण लिखा न जाए, बंदऊ गुरु पद पदुम परागा...., गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागूं पाय, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताय, जैसे अमृत वचनों के माध्यम से अपने गुरुओं की महिमा का वर्णन किया। सरस्वती विद्या मंदिर मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ में प्रधानाचार्य कलीराम भट्ट ने भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। छात्र-छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपने गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नई यमुना कॉलोनी में छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों को उपहार देकर उनके प्रति अपना सम्मान प्रकट किया। खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय में बीईओ वीपी सिंह समेत कर्मचारियों ने डॉ. राधाकृष्णन को याद कर प्राथमिक विद्यालय विकासनगर की शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय बद्रीपुर में ग्रामीणों ने शिक्षकों को सम्मानित किया, जबकि सेवारत शिक्षकों ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया। प्राथमिक विद्यालय डोभरी, राजकीय इंटर कॉलेज डोभरी, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुद्रपुर, राउप्रावि पष्टा, जूहा स्कूल चांदपुर, जूहा स्कूल धर्मावाला, प्रावि प्रतीतपुर में छात्र-छात्राओं ने अपने गुरुओं उपहार दिए। सेपियंस स्कूल विकासनगर, हरबर्टपुर, ब्राइट एंजल स्कूल लाइन जीवनगढ़ में लघु नाटिका के माध्यम से गुरुओं की महिमा का वर्णन किया गया।

चकराता में शिक्षकों को किया गया सम्मानित

चकराता। राजकीय इंटर कॉलेज चकराता में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में खंड शिक्षाधिकारी पूजा नेगी दानू ने प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में संतराम, दीपा नयाल, मौ. इश्तियाक, रघुवीर सिंह, ममता रावत, जाकिर हुसैन, जाकिर हुसैन, प्रदीप गुप्ता, हिमांशु रावत, ज्योति जोशी, नीलम चौहान, यमानिका यादव, आजम अख्तर, मंगली रावत, प्रेम प्रकाश, महेश यादव (प्रधानाचार्य), गोविंद सिंह रौथाण, सुनील शर्मा, तिलक सिंह चौहान, लता सिंह, लक्ष्मी सेमल्टी, गणेश प्रसाद थपलियाल शामिल रहे।

# पक्षियों में भी हो रहा ब्रेकअप, रोचक है फैक्ट्स

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 6 सितंबर , आमतौर पर ऐसा माना जाता है कि पक्षियों की 90% आबादी ताउम्र एक ही साथी के साथ बिताती हैं परंतु नई रिसर्च में दावा किया गया है कि पक्षी भी अब पुराने साथी को छोड़कर नए के साथ जिंदगी में आगे बढ़ रहे हैं। शोधकर्ताओं ने इसे ही 'डिवोर्स' कहा है।जर्मनी और चीन के शोधकर्ताओं ने जर्नल प्रोसीडिंग्स ऑफ द रॉयल सोसायटी बी (Proceedings of the Royal Society B) में मृत्यु दर के डेटा और प्रवासन दूरी के साथ पक्षियों की 232 प्रजातियों के बदलते व्यवहार पर हुई स्टडी के नतीजे प्रकाशित किए। साथ ही उन्होंने 'तलाक' की दर के बारे में पहले प्रकाशित आंकड़ों की मदद भी ली।

**अलगाव की दो बड़ी वजह**

टीम ने पक्षियों के व्यवहार के बारे में प्रकाशित जानकारी के आधार पर प्रत्येक प्रजाति के नर व मादा को 'स्वच्छता स्कोर' भी दिया। जर्मनी के मैक्स प्लांक इंस्टीट्यूट ऑफ एनिमल बिहेवियर के डॉ. जॉइटन सोन्ग के मुताबिक इस विश्लेषण में अलगाव की दो बड़ी वजह सामने आईं जो सभी प्रजातियों में प्रमुखता से है।

पहली- नर पक्षी के एक से ज्यादा पार्टनर होना और दूसरी- लंबी दूरी का माइग्रेशन है। आश्चर्यजनक रूप से मादा पक्षियों में यह व्यवहार कम देखने को मिला।

शोधकर्ताओं के मुताबिक, जब नर पक्षी प्रजनन के लिए तैयार होता है तो इसे अक्सर इस प्रतिबद्धता में कमी के रूप में देखा जाता है। क्योंकि उसका ध्यान और संसाधन कई मादाओं के बीच बंट जाते हैं। यह उसे एक आदर्श साथी के रूप में कम आकर्षक बना सकता है। इस तरह अगले प्रजनन मौसम में इस जोड़े के 'तला-कशुदा' होने की ज्यादा आशंका है।

**पक्षियों का अलग समय पर अलग डेस्टिनेशन पहुंचना भी एक वजह**

सोन्ग कहते हैं- लंबी दूरी के प्रवास के बाद पक्षियों में अलग होने की दर ज्यादा होती है। प्रवास के बाद पक्षी अलग-अलग समय पर डेस्टिनेशन पर पहुंच सकते हैं। इससे ऐसी स्थिति पैदा हो सकती है कि जल्दी पहुंचने वाले किसी नए साथी से मिल सकते हैं। इसके अलावा वे अलग-अलग स्थानों पर पहुंच सकते हैं। इनका नतीजा भी तलाक हो सकता है। बढ़ती प्रवास दूरी के साथ यह प्रभाव तेज होता है। स्टडी के मुताबिक लंबे समय तक प्रवासन से प्रजनन की संभावना भी कम हो जाती है।




# इस शहर में कभी 12 नहीं बजते, गज़ब है वजह

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 6 सितंबर , स्विटजरलैंड का एक बहुत ही सुंदर शहर है सोलोथर्न। इस शहर को नंबर 11 से खास लगाव है। यहां हर चीज का डिजाइन इस जादुई नंबर के इर्द-गिर्द घूमता है। यहां चर्चों और चैपलों की संख्या भी 11-11 है। 11 ऐतिहासिक झरने, 11 संग्रहालय और 11 टावर हैं। यहां सेंट उर्सूस के मुख्य गिरजाघर में भी आपको 11 से लोगों का खास स्नेह दिख जाएगा। यह 11 साल में बनकर तैयार हुआ था। यहां सीढ़ियों का तीन सेट हैं। हर में 11 पंक्तियां, 11 दरवाजे, 11 घंटियां और 11 वेदियां हैं। उनमें से एक में 11 तरह के संगमरमर का इस्तेमाल हुआ है। वेदियों को गिरजाघर के एक ही स्थान से देखा जा सकता है। वह स्थान है, इसके बीचोबीच में 11वां काला पत्थर।





**लोगों के जीवन में शामिल**

नंबर 11 का लोगों के जीवन में भी खास महत्व है। हर 11वें जन्मदिन पर खास समारोह का आयोजन होता है। प्रॉडक्ट के नाम से भी 11 जुड़ा है। जैसे ऑफी बीयर यानी बीयर 11, 11-आई चॉकोलेड (11-चॉकलेट)। ऐसी घड़ी के बारे में सुनकर आप चौंक गए होंगे। लेकिन यह सच है। दरअसल यहां के टाउन स्क्वेयर पर एक घड़ी लगी है। उस घड़ी में घंटे की सिर्फ 11 सुइयां हैं। 12 उसमें से गायब है।

**अब जानिए इसके पीछे का कारण**

सोलोथर्न के लोगों को 11 नंबर से इतना लगाव क्यों है, इसको लेकर कई थिअरी है। एक थिअरी के मुताबिक, सोलोर्थन के लोग काफी मेहनत करते थे लेकिन उनकी जिंदगियों से खुशियां गायब थीं। कुछ समय बाद पास के पहाड़ से परियां आने लगीं। वो परियां लोगों का हौसला बढ़ातीं और उनकी तारीफ करतीं। इससे उनलोगों के बीच खुशहाली आई। परियों को वैसे इंग्लिश में एल्फ कहा जाता है और जर्मनी भाषा में एल्फ का मतलब 11 होता है। लोगों ने इस तरह से उन परियों को 11 नंबर से जोड़ दिया और उनके अहसानों को याद करने के लिए नंबर 11 को महत्व देना शुरू कर दिया। दूसरी थिअरी कहती है कि इसका संबंध बाइबिल से है। बाइबिल में 11 को खास नंबर बताया गया। इसलिए ही लोगों के बीच 11 नंबर को लेकर खास लगाव है।

**इसके पीछे भी है एक इतिहास**

सोलोथर्न के इतिहास में 11 नंबर का उल्लेख पहली बार सन् 1252 में मिलता है। कहा जाता है कि उसी साल वहां शहर की काउंसिल के लिए 11 सदस्यों को निर्वाचित किया गया था। फिर 1481 में सोलोथर्न स्विस संघ का 11वां कैंटोन बन गया। करीब एक सदी बाद इसे 11 प्रॉटेक्टोरेट्स में बांटा गया। इस स्थान के इतिहास में मध्यकाल में 11 समुदायों का उल्लेख मिलता है।

# हरिद्वार : सड़कों पर अतिक्रमण करने वालों पर निगम ने कसा शिकंजा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार 06 सितम्बर : ज्वालापुर क्षेत्र के वार्डों में बीते दिन सुबह क्षेत्र का निरीक्षण करने निकली सहायक नगर आयुक्त अमरजीत कौर द्वारा सड़क पर अतिक्रमण करने वालों पर शिकंजा कसा गया। क्षेत्र के औचक निरीक्षण को निकली सहायक नगर द्वारा सड़को पर अतिक्रमण करने वालों पर चलानी कार्यवाही की गई।

बता दें ज्वालापुर क्षेत्र में कुछ दुकानदारों द्वारा सड़को पर अतिक्रमण किया जा रहा था जिसकी शिकायत जनता द्वारा नगर आयुक्त को की गई थी। जिस पर नगर आयुक्त के आदेश पर ज्वालापुर शहर के वार्डों का निरीक्षण करने पहुँची सहायक नगर आयुक्त द्वारा सड़को पर कूड़ा डालने वालों को हिदायत की गई तो वंही सड़क पर अतिक्रमण करने वालों के चालान काटे गए।




सहायक नगर आयुक्त द्वारा बताया कि नगर आयुक्त दयानंद सरस्वती के आदेश पर शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया जा रहा था। वंही सड़को पर अतिक्रमण के लिए जारी आदेशों का पालन करते हुए कुछ दुकानदारों व घरों पर चलानी कार्यवाही की गई है आगे भी यह कार्यवाही इसी प्रकार जारी रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### अंतरमन परिवार ने रंगारंग कार्यक्रम के बीच मनाया शिक्षक दिवस

देहरादून। जिले में शिक्षक दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों का अयोजन किया गया। इसी कड़ी में नेंर रोड स्थित अंतरमन परिवार सोसाइटी एन.जी.ओ में शिक्षक दिवस बडे हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। यहाँ पढने वाले बच्चों रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिक्षक दिवस के कार्यक्रमों की शुरुआत 'काजल एवं अर्चना ने गुरूवंदना कार्यक्रम से की। कार्यक्रमों की  अगली कड़ी में अन्?य बच्?चों ने दोहे एवं कविता पाठ कर सभी उपस्थित मेहमानों का मन मोह लिया।  कार्यक्रम की मुख्?य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की महानगर अध्?यक्ष अर्चना बागडी  एवं विशिष्?ठ अतिथि महिला मोर्चा की महामंत्री सुष?मा कुकरेती रही। उन्?होंने इस कार्यक्रम के अवसरपर अपने सम्?बोधन में जहां एक ओर बच्?चों की प्रस्?तुतियों को सराहा वहीं उनको शिक्षा के महत्?व समझाते हुए जीवन में अपना एक लक्ष्?य तय कर उसको पाने के लिए लगातार प्रयासरत रहने और मेहनत करने की प्रेरणा  दी। उन्?होंने सोसाईटी के संचालकों की इस कोशिश को सभी तरह से सहयोग देने और उज्?जवल भविष्?य की कामना करते हुए इस  कार्यक्रम की सफलता पर बधाई दी। इस अवसर पर एनजीओ की अध्यक्षा   सुषमा बछेती ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्?होंने संस्?था की स्?थापना सिर्फ इस उद्देश्?य से की है कि जिस भी वर्ग के बच्?चे शिक्षा से शिक्षा से बंचित हैं उनको शिक्षा मुहैया कराना है। उनको समाज की मुख्?यधारा से जोडने के लिए संस्?था  लगातार प्रयासरत है। इस अवसर बंदना काला,  प्रभावती,  नीलम , नीतू रावत,  सोनिया एवं एनजीओ के अन्य सदस्य गण मौजूद रहे।

### 09 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत

देहरादून।  सिविल जज सीडी/सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून ने अवगत कराया है कि  कि मा0 उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशों के क्रम में पत्र  09 सितंबर 2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें  अधिक से अधिक वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किये जाने का लक्ष्य है। लोक अदालत में फौजदारी के शमनीय वाद, धारा 138 एन.आई. एक्ट से सम्बन्धित वाद, राजस्व सम्बन्धित वाद, विद्युत एवं जलकर बिलों के मामलें (अशमनीय मामलों को, वेतन-भत्तों एवं सेवानिवृत्ति से सम्बन्धित वाद,मोटर दुर्घटना प्रतिकर सम्बन्धित वाद, वैवाहिक / कुटुम्ब न्यायालयों के वाद (विवाह विच्छेद को छोडक़र), धन वसूली से सम्बन्धित वाद, श्रम सम्बन्धित वाद, भूमि अर्जन के वाद,दीवानी वाद, अन्य ऐसे मामले जो सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित हो सके। निस्तारित किए जायेंगे। अतः जो पक्षकार अपने वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित करवाना चाहते है, वह सम्बंधित न्यायालय, जहाँ उनका मुकदमा लम्बित है, में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रार्थनापत्र देकर अपने वाद राष्ट्रीय लोक अदालत के लिये नियत करवा सकते हैं। उक्त लोक अदालत में आपसी रजामन्दी से वादों का निस्तारण किया जाता है तथा काफी कम खर्चे व समय पर वाद निस्तारित हो जाते हैं, जिससे समाज का गरीब वर्ग भी अपने वादों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में निस्तारित कर लाभान्वित होते हैं। लोक अदालत में निस्तारित वादों में पक्षकारों को यह भी फायदा मिलता है कि न्याय शुल्क वापस हो जाता है तथा इसका फैसला अंतिम होता है।

### सोशल साइट पर महिला अश्लील फोटो भेजने वाले पर केस

देहरादून। सोशल साइट पर महिला को अश्लील फोटो भेजने के आरोपी पर नेहरू कॉलोनी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। एसओ नेहरू कॉलोनी लोकेंद्र बहुगुणा ने बताया कि महिला ने तहरीर देते हुए दीपक नेगी दीपू नाम के युवक ने उन्हें फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी। उसने मैसेंजर पर मैसेज भी भेजा। महिला ने मैसेज करने को मना किया। आरोप है कि वह गंदी गालियां देने लगा और अश्लील फोटो भेजे। महिला की फेसबुक पोस्ट पर भी भद्दे कमेंट किए। महिला ने इसके स्क्रीन शॉट लेकर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में तहरीर दी। तहरीर वहां से नेहरू कॉलोनी थाने भेजी गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अतिक्रमण हटाने के नाम पर लगाया भेदभाव करने का आरोप

देहरादून। बसपा विधायक मोहम्मद शहजाद ने अतिक्रमण हटाने के नाम पर भेदभाव करने का आरोप लगाया है। शहजाद ने कहा कि प्रशासन ने सैकड़ों पुरानी मजारें तो हटा दी हैं, लेकिन सरकारी जमीन पर बने दर्जनों मंदिरों को छोड़ दिया है। विधानसभा में पत्रकारों से बातचीत में मोहम्मद शहजाद ने कहा कि अतिक्रमण हटाने के नाम पर प्रशासन भेदभाव कर रहा है। सदियों पहले जंगलों में तपस्या करने वाले पीर फकीरों तक की मजारें तोड़ दी गई हैं। वहीं रुडक़ी में गंगनगर के किनारे ही सरकारी जमीन पर दर्जनों मंदिर बने हुए हैं, उन्हें साफ छोड़ दिया गया है। शहजाद ने कहा कि वो अतिक्रमण का पक्ष नहीं ले रहे हैं, लेकिन प्रशासन इस मामले में सबके लिए एक बराबर नीति रखे। वरना अभियान को तत्काल रोका जाए।

# हर टायर पर छपे होते हैं कुछ खास नंबर, जानिए क्यों ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 6 सितंबर , किसी भी वाहन के लिए जितना जरूरी अन्य हिस्से होते हैं, उतने ही जरूरी टायर होते हैं। वाहन को सही तरह से चलाने के लिए सही टायर की जरूरत होती है। अगर आप भी अपनी कार, बाइक, स्कूटर या अन्य किसी वाहन के लिए नए टायर लेने जा रहे हैं तो हम आपको इस खबर में यह बता रहे हैं कि टायर में छपे नंबरों के जरिए आप किस तरह अपने वाहन के लिए सही टायर खरीद सकते हैं।

हर टायर पर होते हैं नंबर

देश ही नहीं दुनियाभर में चलने वाले वाहनों पर कुछ खास नंबर छपे होते हैं। इन नंबरों के जरिए आप टायर की पूरी जानकारी हासिल कर सकते हैं। टायर बदलने के समय भी यह जानकारी काफी काम आती है। इसमें टायर के साइज, टाइप और परफॉर्मेंस की पूरी जानकारी होती है। इसमें छपे नंबर का अलग मतलब होता है। टायर की साइड वॉल पर जो नंबर मिलते हैं, उनसे आप टायर की पूरी जानकारी ले सकते हैं। पहले तीन नंबर्स के जरिए आप टायर की चौड़ाई की जानकारी हासिल कर सकते हैं। यह जानकारी अलग-अलग टायर पर अलग-अलग होती है।




अगले दो नंबर भी हैं खास

पहले तीन नंबर के बाद टायर पर दो और नंबर छपे होते हैं। जहां पहले तीन नंबर टायर की चौड़ाई की जानकारी देते हैं वहीं उसके बाद के दो नंबर के जरिए प्रोफाइल की जानकारी मिलती है। मान लें कि अगर टायर के पहले तीन नंबर 205/50 है तो इसका मतलब साइड वॉल की चौड़ाई 205 एमएम है जिसका 50 प्रतिशत यानि 102.5 एमएम प्रोफाइल है।

अब मिलेगी बनने की जानकारी

शुरू के पांच नंबर के बाद अंग्रेजी का एक शब्द आर होता है जिसके साथ दो अंकों का नंबर होता है। उदाहरण के लिए यहां पर R 14 या R17 लिखा होता है। इनमें आर का मतलब रेडियल से होता है जो आजकल के वाहनों में सामान्य होता है। इससे टायर के बनने की जानकारी मिलती है। इसके बाद के दो अंक से रिम के साइज की जानकारी मिलती है। अगर आर के साथ 14 लिखा है तो उस वाहन में रिम 14 इंच का है जबकि 17 या 16 लिखे होने पर रिम का साइज 17 या 16 इंच होगा।

कितना वजन उठाया जा सकता है

टायर पर इस बात की भी जानकारी मिलती है कि वह कितना वजन उठा सकता है। यह जानकारी आखिरी के दो अंकों से मिलती है। अगर टायर पर 91 लिखा है तो वह सही हवा का प्रैशर होने पर 615 किलोग्राम तक का वजन उठा सकता है। वहीं अगर टायर पर 89 लिखा है तो वह 580 किलोग्राम का वजन उठा सकता है।

# क्या अमेरिकन तेल से थम जाएगी उम्र और बुढ़ापा ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 6 सितंबर , अगर हम कहें कि बुढ़ापे को रोकने की दवा ईजाद हो गयी है तो आप हैरान होंगे लेकिन आपको क्या लगता है की इंसान अपने आप को वापस बुढ़ापे की उम्र को घटाकर जवानी में ल सकता है सुनने में ये सवाल बड़ा ही अजीब है लेकिन आपको बता दे की हम तो ये ही कहेंगे की नहीं ऐसा नामुमकिन है, लेकिन आपको ये जानकार हैरानी होगी की इस दुनियाँ में एक ऐसा भी आदमी है जो ये काम कर रहा हैं।

**क्या तेल से थम जाएगी उम्र की रफ्तार**

bryan johnson नाम का ये आदमी अपने आपको वापस से 45 साल की उम्र घटाकर जवान होने की कोशिश कर रहा है जी हा ये बात सच है ये आदमी अपने आप पर बहुत सारे एक्सपेरिमेंट कर रहा है जिस से की ये वापस से जवान हो सके और 18 साल का बन सके आइए जानते है इसकी कहानी 45 साल की उम्र के बावजूद उनका दिल 37 साल के व्यक्ति की तरह काम करता है जबकि फेफड़े 18 साल के यंग लड़कों की तरह. यह सब उनके बायोहैकिंग प्रयोग की वजह से हुआ है. अब वह पूरी दुनिया के साथ यह रहस्य साझा करने जा रहे हैं.



ब्रायन जॉनसन ने एक तेल लॉन्च किया है, जिसके इस्तेमाल से हर कोई जब तक चाहे, तब तक जवां बना रह सकता है. इसके बारे में जानकर पूरी दुनिया हैरान है. अमेरिकी टेक टायकून अपने ही बेटे का खून खुद को चढ़वाकर चर्चा में आए थे. हमेशा जवान बने रहने के लिए वे हर साल 16 करोड़ रुपये खर्च कर रहे हैं. रोजाना 110 गोलियां खाते हैं. उनकी लाइफ-स्टाइल ऐसी है, जिसे फॉलो करना सबके लिए आसान नहीं. हमेशा जवान बने रहने के लिए ब्रॉयन एक खास तरह का तेल रोजाना इस्तेमाल करते हैं. उनका दावा है कि इससे शरीर के सारे अंग शानदार तरीके से काम करते हैं.

उम्र बढ़ने की प्रक्रिया रुक जाती है. ब्रॉयन अब यह तेल दुनिया को बेच रहे हैं. इसकी कीमत इतनी ज्यादा नहीं कि लोग इस्तेमाल न कर सकें.ब्रॉयन जॉनसन ने कहा, हमने एक खास तरह का तेल तैयार किया है, जिसका नाम ब्लूप्रिंट प्रीमियम एक्स्ट्रा वर्जिन ऑलिव ऑयल रखा है. यह इंसान के शरीर पर बेहद सकारात्मक असर डालता है. वह खुद भी हर दिन 2 बड़े चम्मच एक्स्ट्रा वर्जिन जैतून का तेल लेते हैं, जो उनकी दैनिक कैलोरी का 15% है. बाजार में इसकी कीमत 37.5 डॉलर प्रति बोतल (लगभग 3000 रुपये) रखी गई है.

तेल का ऐसा होगा स्वाद

ब्रॉयन ने बताया कि खाने में इसका स्वाद हल्के मिर्च की तरह लगेगा, लेकिन उसके बाद काफी एनर्जी फील होगी. क्योंकि इसमें हाई क्वालिटी के पॉलीफेनोलिक कंपाउंड, नेचुरल मिनरल्स और विटामिन होते हैं जो कार्डियो मेटाबोलिक स्वास्थ्य में सुधार करते हैं. यानी आपके हृदय और अन्य अंग काफी बेहतर काम करते हैं.

# मर्दों के खेल में उत्तराखंड की बेटी ने किया धमाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 6 सितंबर , उत्तराखंड की एक बेटी ने फिर साबित किया है कि कोई भी फील्ड अब उनसे अछूता नहीं रहेगा। कामयाबी और हौसले की ऐसी ही कहानी है शिक्षा गोस्वामी की .... मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स बॉक्सिंग का एक ऐसा क्षेत्र है जहां एक समय ताकतवर लोग रिंग पर राज करते थे। यह सबसे कठिन और खतरनाक खेलों में से एक है। इस खेल को मुख्य रूप से पुरुष ही खेलते हैं, लेकिन अब महिलाएं भी तैयारी कर रही हैं और इस खेल में अपना नाम कमा रही हैं।आपको बता दें कि उत्तराखंड में भी मुक्केबाजी की इस शैली, MMA का क्रेज युवाओं में तेजी से बढ़ रहा है।

**श्रीनगर गढ़वाल से हैं MMA विजेता शिक्षा गोस्वामी**

उत्तराखंड की होनहार बेटियां भी इस क्षेत्र में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। आज हम आपको पहाड़ की एक ऐसी बेटी के बारे में बता रहे हैं जिसने देश को शिक्षा गोस्वामी बनाया, उसने इंडियन कॉम्बैट लीग में डेब्यू करके अपने विरोधियों को हरा दिया। शिक्षा गोस्वामी श्रीनगर गढ़वाल से हैं। शिक्षा की सफलता के पीछे गुरु अंगद बिष्ट का बहुत बड़ा योगदान है। इंडियन कॉम्बैट लीग सीजन-4 काफी हिट रहा था। यह सारा आयोजन नेशनल मार्शल आर्ट गेम्स कमेटी द्वारा परेड ग्राउंड के बॉक्सिंग हॉल में किया जाता है। जिसमें कई मुकाबलों में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने शानदार जीत दर्ज की। इस मौके पर यूएफसी स्टार अंगद बिष्ट समेत कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।



**शानदार प्रदर्शन से पहुंचाया उत्तराखंड को शीर्ष पर**

इस लीग में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लीग में पहला स्थान हासिल किया। उत्तर प्रदेश और अरुणाचल प्रदेश के खिलाड़ी दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। लीग के सीजन 5 को बड़े पैमाने पर आयोजित करने की तैयारी की जा रही है, ताकि देश और प्रदेश के खिलाड़ियों को बेहतर मंच मुहैया कराया जा सके।

# हल्द्वानी : एसएसपी ने किया रिटायर्ड SDM के घर हुई चोरी का खुलासा




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 06 सितम्बर : हल्द्वानी के जजफार्म में रिटायर्ड एसडीएम के घर हुई चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में धर्मेंद्र कश्यप पंचशील कॉलोनी पीली कोठी के रहने वाले एक चोर को गिरफ्तार किया है। पूरे मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी पंकज भट्ट ने बताया कुछ दिन पहले जजफार्म में रहने वाले रिटायर्ड एसडीएम के घर में चोरी हुई थी जिसमें एसओजी की टीम कम कर रही थी सीओ भूपेंद्र धोनी के नेतृत्व में एसओ मुखानी, काठगोदाम पूरे मामले के खुलासे के लिए लगे हुए थे, एक चोर को गिरफ्तार कर लिया है, जिसके पास से 2 अंगूठी, कान की टॉप्स मंगलसूत्र समेत कई सारे आभूषण पुलिस ने बरामद कर लिए हैं। साथ ₹1000 धनराशि भी पुलिस ने बरामद किए हैं, चोर ने उनके यहां पहले पुताई काम किया था,ऐसे में उसको एसडीएम के घर के बारे में पूरी जानकारी थी, इससे पहले धर्मेंद्र तीन मामलों में मुकदमा हुआ,पीछे के गेट का तोड़ा गया,लेकिन सफलता नहीं मिली तो उसके बाद वह मिल गेट का ताला तोड़कर घर के अंदर रखें संदूक से ज्वेलरी और नगदी चोरी करके भाग गत था ,

# नैनीताल की अनोखी 'घोड़ा लाइब्रेरी' क्यों है ट्रेंड में ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 6 सितंबर , उत्तराखंड के नैनीताल जिले के कोटाबाग ब्लॉक में एक व्यक्ति ने उन छात्रों को पढ़ाने की पहल की है जो कुछ क्षेत्रों के कारण स्कूल से वंचित हैं। कठिन परिस्थितियों और कठिन रास्तों के बीच वह अक्षर ज्ञान सिखा रहे हैं। हम आज आपको नैनीताल की घोड़ा लाइब्रेरी के बारे में बता रहे हैं। जैसा कि नाम से पता चलता है, एक घोड़ा है जो अपनी पीठ पर किताबों का एक गुच्छा लेकर चलता है और एक गाँव से दूसरे गाँव जाता है, और हर उस व्यक्ति के लिए रुकता है जो एक या दो किताबें पढ़ना चाहता है।

हिमोत्थान संस्थान नैनीताल की पहल बनी मिसाल

उत्तराखंड ने हाल ही में इस मानसून सीज़न , भारी बारिश और भूस्खलन ने राज्य को लगभग अस्त-व्यस्त कर दिया है। उत्तराखंड में पहाड़ों के स्कूल-कॉलेज जैसे शैक्षणिक संस्थान तक रास्ते मुश्किल हो गए थे। दूरदराज के हिस्सों में, जहां जीवन बहुत कठिन है, स्कूलों के बंद होने का मतलब है कि युवा पाठकों को वह शिक्षा नहीं मिल रही है जिसकी उन्हें ज़रूरत है, खासकर पढ़ने की आदत नहीं। इससे बचने के लिए, नैनीताल निवासी शुभम बधानी ने कुछ अलग सोचा और घोड़ा लाइब्रेरी का यह अनोखा और शानदार विचार लेकर आए ।

अनोखी 'घोड़ा लाइब्रेरी' दिल और दिमाग जीत रही है

इससे अब गांवों में बच्चों को किताबों और अन्य अध्ययन सामग्री तक पूरी पहुंच मिल गई है। घोड़ा पुस्तकालय को आप नैनीताल जिले के कई सुदूर गाँवों में पा सकते हैं । कुछ गांव बघानी, जालना, महलधुरा, आलेख, गौटिया, धिनवा-खरक और बंसी हैं। अब स्कूल बंद होने पर भी बच्चों को किताबें उपलब्ध हैं।अभिभावकों की स्वेच्छापूर्ण भागीदारी के कारण यह पहल सफल रही। एक ऐसी व्यवस्था की गई जहां माता-पिता हर हफ्ते एक दिन के लिए अपने घोड़े को स्वेच्छा से देते थे। आइए ईमानदार रहें, घोड़ा बहुत अच्छा स्पर्श था। यह बच्चों के साथ-साथ उन बड़ों का भी ध्यान खींचेगा जिन्हें इसकी ज़रूरत है।



# वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 06 सितम्बर : कप्तान रोहित शर्मा और चीफ सेलेक्टर अजित आगरकर ने वनडे वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान किया. 15 सदस्यीय टीम में हालांकि संजू सैमसन को जगह नहीं मिली है. भारत में 5 अक्टूबर से वनडे वर्ल्ड कप खेला जाना है. भारतीय टीम को 2011 के बाद वर्ल्ड कप ट्रॉफी का इंतजार है. 15 सदस्यीय टीम की बात करें, तो 6 खिलाड़ी ऐसे हैं, जो पहली बार वनडे वर्ल्ड कप में खेलते हुए दिखेंगे. इसमें शुभमन गिल, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर और श्रेयस अय्यर शामिल हैं.

अक्षर पटेल पहली बार वर्ल्ड कप का कोई मैच खेल सकते हैं. वे 2015 में उतरने वाली टीम का भी हिस्सा थे, लेकिन उन्हें किसी भी मैच में मौका नहीं मिला था. 4 खिलाड़ी 3 या उससे अधिक बार वर्ल्ड कप में खेलते हुए दिखेंगे. इसमें विराट कोहली सबसे अनुभवी हैं.

वर्ल्ड कप में टीम में बतौर गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद शमी और कुलदीप यादव को जगह मिली है. ऑलराउंडर के तौर पर हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और शार्दुल ठाकुर चुने गए हैं.

बल्लेबाजी की जिम्मेदारी रोहित शर्मा के अलावा शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, केएल राहुल और ईशान किशन पर होगी. कप्तान रोहित शर्मा और चीफ सेलेक्टर अजित आगरकर ने टीम की घोषणा की, विराट कोहली का यह चौथा वर्ल्ड कप होगा. वर्ल्ड कप के लिहाज से वे टीम इंडिया के सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं. वे 2011, 2015 और 2019 का भी वर्ल्ड कप खेल चुके हैं. भारतीय टीम ने 2011 में एमएस धोनी की कप्तानी में अंतिम बार वर्ल्ड कप का खिताब भी जीता था. इसके अलावा रोहित शर्मा, ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का यह तीसरा वर्ल्ड कप होगा. तीनों ही खिलाड़ी 2015 और 2019 वर्ल्ड कप में उतर चुके हैं. वर्ल्ड कप के लिए घोषित टीम में हालांकि विकेटकीपर बैटर संजू सैमसन को मौका नहीं मिला है. ईशान किशन और केएल राहुल बतौर विकेटकीपर टीम में जगह बनाने में कामयाब हुए हैं. वहीं टी20 के नंबर-1 बैटर सूर्यकुमार यादव भी वर्ल्ड कप टीम में हैं. हालांकि उनका वनडे का रिकॉर्ड कुछ खास नहीं है,




# नाबालिग बच्चों को गाड़ी थमाई तो, पिता को हवालात में गुजारनी पड़ेगी रात : SO प्रमोद कुमार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

फतेहपुर 06 सितंबर : शहर में बच्चों के हाथ रेसर बाइक और कार देकर खुश होने वाले पापा की मुश्किल बढ़ सकती हैं। SO प्रमोद ने कहा कि कम उम्र के बच्चों के हाथ में खिलौना वाहनों से एक्सीडेंट की संभावना ज्यादा रहती है। उनके सड़कों पर स्टंट करने से अगल-बगल से गुजरने वाले दहशत में रहते हैं। पहले पांच सौ रुपए का चालान काटकर जुर्माना वसूलते थे लेकिन इसको लोग नजरअंदाज कर देते थे।नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने देना जुर्म है। ऐसा करने वाले अभिभावकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन माह की सजा का प्रावधान भी किया गया है। बच्चे के वाहन चलाते पकड़े जाने पर उनके पिता का डीएल भी जब्त हो सकता है। आईपीसी में 88, 89, 109 सहित कई ऐसी धाराएं मौजूद हैं जो अपराध के लिए प्रेरित करने वालों पर लागू होती हैं। नाबालिग बच्चे को वाहन चलाने देने की मंजूरी देना अपराध को प्रेरित करना है। इसलिए अभिभावकों पर भी इन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की जा सकती है। ट्रैफिक पुलिस ने जुड़े लोगों का कहना है कि हादसों में ज्यादातर टीनएजर्स शिकार बनते हैं।

नाबालिगों को बाइक और कार चलाने की छूट

ओवरस्पीडिंग और नशे में धुत होकर गाड़ियों को दौड़ाना

ट्रैफिक नियमों की अनदेखी, सड़क पर मनमानी करना

बिजी सड़कों पर स्टंटबाजी करने के चक्कर में हादसे

हेलमेट न पहनने, सीट बेल्ट न बांधने की वजह से एक्सीडेंट

SO प्रमोद कुमार ने कहा की लगातार पुलिस जहां-तहां जांच पड़ताल करेगी। इस दौरान नाबालिगों के पकड़े जाने पर तत्काल उनके परिजनों को सूचना दी जाएगी। वाहन चलाने वाले बच्चों के गार्जियन को बुलाकर ट्रैफिक पुलिस उनसे नाबालिगों को गाड़ी न देने का अनुरोध करेगी। पहली बार में राहत दी जा सकती है। लेकिन दोबारा पकड़े जाने पर आरोपी के पिता को थाना की हवालात में रात गुजारनी पड़ेगी। ड्राइविंग कर रहे लोगों के लाइसेंस, आधार कार्ड, पैन कार्ड और स्कूल के दस्तावेजों के आधार पर उम्र की जांच पड़ताल की जाएगी। वाहन को सीज करके पुलिस थाने में खड़ा कर देगी। उनके पिता को रातभर हवालात में बैठाया जा सकता है।



## संक्षिप्त खबरें

### हरिद्वार के शिक्षक संजय को मिला पुरस्कार

हरिद्वार। शिक्षक दिवस के आवसर पर देहरादून राजभवन में हरिद्वार के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय चौहान को शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार से नवाजा गया है। सीईओ केके गुप्ता और डीईओ आशुतोष भंडारी के साथ कई शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी। शिक्षक संजय चौहान ने कहा कि पुरस्कार मिलकर प्रसन्नता हो रही है, इसका श्रेय विभाग को है। सीईओ ने कहा कि छात्र नामांकन में वृद्धि, शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार, अभिभावकों से सम्पर्क कर शिक्षा की जागरूकता फैलाना जरूरी है।

### उदयनिधि स्टालिन को मंत्री पद हटाने की मांग

हरिद्वार। तमिलनाडु के युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ सप्तऋषि आश्रम में विरोध प्रदर्शन किया गया। साथ ही मंत्री के बयान की आलोचना करते हुए प्रदर्शनकारियों ने उदयनिधि स्टालिन को मंत्री पद से हटाने की मांग की। इस दौरान आश्रम के प्रबंधक विनोद सैनी ने कहा कि सनातन से श्रेष्ठ पूरे विश्व भर में कुछ भी नहीं हो सकता है। विवादित बयान उस राज्य से आया है जहां राज्य सरकार को मंदिरों से बड़ा राजस्व प्राप्त होता है। उदयनिधि स्टालिन का बयान निंदनीय है। इस मौके पर डॉ. श्याम लाल गौड़, डॉ. कमलेश, डॉ. रश्मि अजय पाठक, डॉ. आकाश, रविंद्र कुमार, भगवती प्रसाद, विवेक कुमार, गोपाल मोहन आदि शामिल रहे।

### शिक्षक दिवस पर शिक्षिका ने की खुदकुशी

हरिद्वार। शिक्षक दिवस पर एक शिक्षिका ने खुदकुशी कर ली। पुलिस के मुताबिक दंपति के बीच विवाद चल रहा था। चार दिन पहले ही शिक्षिका पति के पास आई थी, हालांकि पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। घटना मंगलवार सुबह की है, जब भेल के अस्पताल से पुलिस को जानकारी मिली कि एक महिला पूजा सैनी को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। महिला के पति भेल कर्मचारी गौरव सैनी निवासी सेक्टर वन ने पुलिस को बताया कि वह अपनी बच्ची को स्कूल छोडऩे गए थे। वापस आकर देखा तो पत्नी फांसी के फंदे से लटक रही थी। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस को मौके से किसी भी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। इंस्पेक्टर नरेंद्र बिष्ट ने बताया कि दस साल पहले दंपति की शादी हुई थी, एक साल से दोनों के बीच विवाद चल रहा था। चार दिन पहले ही महिला पति के साथ रहने आई थी। महिला पूजा के पिता भी भेल कर्मचारी रहे हैं और इन दिनों टिहरी विस्थापित कॉलोनी में रहते हैं। पूजा भूमानंद नर्सिंग कॉलेज में लेक्चरर थीं। नरेंद्र बिष्ट ने बताया कि लिखित शिकायत मिलने के बाद ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# मथुरा में मुस्लिम कारीगर तैयार करते हैं राधा-कृष्ण की पोशाक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट , 6 सितंबर , भगवान श्री कृष्ण की नगरी में मुस्लिम कारीगर भाईचारे की मिसाल पेश करते हैं. बाल गोपाल का जन्मोत्सव मनाने के लिए दिन रात की मेहनत से राधा कृष्ण की पोशाक तैयार करते हैं. मुस्लिम कारीगर राधा-कृष्ण की पोशाक को बनाने का काम उत्साह और आनंद के साथ कई पीढ़ियों से करते चले आ रहे हैं. जन्माष्टमी से पहले मथुरा और वृंदावन के बाजारों में मुस्लिम कारीगरों के बनाए पोशाकों की कई डिजाइन देखने को मिल रही है. श्री कृष्ण के लिए जन्माष्टमी स्पेशल पोशाक की बेहद डिमांड है. मुस्लिम कारीगरों के बनाए पोशाक को देश-विदेश तक में पसंद किया जाता है. श्रद्धालु बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ कृष्ण जन्माष्टमी पर बाल गोपाल को पोशाक पहनाते हैं.

**मुस्लिम कारीगर तैयार करते हैं राधा कृष्ण की पोशाक**


कृष्ण जन्माष्टमी के समय मुस्लिम कारीगरों का काम काफी बढ़ जाता है. कारीगरों का कहना है कि पोशाक को तैयार करने में 4-5 दिन लग जाते हैं. बाल गोपाल को पहनाए जाने वाले और श्रीकृष्ण के दरबार की शोभा बढ़ाने वाले वस्त्र ज़्यादातर मुस्लिम कारीगर तैयार करते हैं. उन्होंने भेदभाव से इंकार किया है. मुसलमान भी बाल गोपाल के जन्मोत्सव में शामिल होते हैं. श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मथुरा और वृंदावन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है.

**मथुरा और वृंदावन में भक्तों की उमड़ती है भारी भीड़**

बाल गोपाल के जन्मोत्सव को मनाने की तैयारियां जोर शोर से हो रही हैं. भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को जन्माष्टमी भी कहा जाता है. जन्माष्टमी हिंदू धर्म का महत्वपूर्ण त्योहार माना जाता है. श्रद्धालुओं को त्योहार का शिद्दत से इंतजार होता है. बच्चे-बूढ़े और जवान भगवान कृष्ण की महिमा का वर्णन करते हैं. स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में कृष्ण लीला के लिए मंच सजता है. जन्माष्टमी पर व्रत रखने, पूजा-पाठ और दान-पुण्य करने की परंपरा है. हर साल की तरह इस बार भी मथुरा में श्रीकृष्ण के प्रकट उत्सव को जबरदस्त तरीके से मनाने की तैयारी है.




## संपादकीय



### किसके खिलाफ चीन-रूस?

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने नई दिल्ली नहीं आएंगे। यह आशंका बहुत पहले से थी, लेकिन अब चीन ने आधिकारिक पुष्टि कर दी है कि उनकी जगह चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग शिरकत करेंगे। अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडन समेत पश्चिमी देशों के शीर्ष नेताओं ने इस पर निराशा जताई है, क्योंकि यह दुनिया के सबसे समृद्ध और बड़े देशों के मंच का शिखर सम्मेलन है। जी-20 आर्थिक और विकास के मुद्दों पर विमर्श करने और साझा दृष्टिकोण तय करने का मंच है। कोई स्पष्ट कारण भी नहीं है कि जिनपिंग नई दिल्ली नहीं आ रहे हैं, जबकि भारत ने अपनी अध्यक्षता में जी-20 के भीतर सहमति और संतुलन बनाए रखने के प्रयास किए हैं। मंत्री और प्रतिनिधि स्तरीय बैठकों में भी भारत ने सर्वसम्मति कायम रखने के प्रयास किए हैं। जी-20 के देश विश्व की करीब 75 फीसदी आबादी को प्रभावित करते हैं और दुनिया की करीब 85 फीसदी जीडीपी इन देशों की है। खुद चीन विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसके बावजूद उसके राष्ट्रपति ने शिखर सम्मेलन का अघोषित बहिष्कार किया है। दुनिया जानती है कि चीन में जिनपिंग के अलावा किसी और पदेन नेता की कितनी औकात है! बेशक चीन और अमरीका, पश्चिमी देशों और रूस के समीकरण 'दुश्मन' वाले हैं। ताइवान के कारण भी अमरीका चीन के रूबरू तैनात है और लगातार धमकी देता रहा है कि चीन ताइवान पर युद्ध थोप कर देखे। अंजाम बहुत बुरा होगा। उधर यूक्रेन के संदर्भ में भी स्पष्ट है कि रूस ने पड़ोसी देश की संप्रभुता के खिलाफ युद्ध छेड़ रखा है और एक रचे-बसे देश को मिट्टी-मलबा करने पर आमादा है । रूस-चीन को लगता होगा कि जी-20 के मंच पर पश्चिमी देश उन्हें युद्ध, विस्तारवादी और दमनकारी कूटनीति के कारण कटघरे में खड़ा कर सकते हैं, लेकिन जी-20 युद्ध पर ही विमर्श का मंच नहीं है। वह विशुद्ध रूप से अर्थव्यवस्था, विकास, जलवायु, आपसी सहयोग और कमोबेश भारत में 'वसुधैव कुटुम्बकम' का मंच है। चीन-रूस की अमरीका और यूरोपीय देशों से शत्रुता है अथवा वे जी-20 समेत किसी भी वैश्विक मंच के विमर्श को गंभीरता से नहीं लेते। फिलहाल भारत की अध्यक्षता में जी-20 का शिखर सम्मेलन हो रहा है और भारत सत्य, अहिंसा, सौहार्द, भाईचारे, शांति और एक पृथ्वी, एक परिवार का पक्षधर देश है। अमरीका बनाम चीन-रूस के कठोर, नुकीले समीकरणों के बावजूद भारत ने तमाम सफल कूटनीतिक प्रयास किए हैं, ताकि जी-20 शिखर सम्मेलन कामयाब रहे। दरअसल इससे पहले बाली (इंडोनेशिया) शिखर सम्मेलन के दौरान ही दोनों पक्षों में विभाजन के हालात उभर आए थे। वहां भी 'साझा घोषणा' तैयार करने में भारत ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और यूक्रेन युद्ध की भर्त्सना की गई थी। इस बार यह चुनौती बनती जा रही है, क्योंकि अमरीका, पश्चिमी देशों और चीन-रूस के संबंध अधिक दोफाड़ की स्थिति तक पहुंच गए हैं। यहां तक कि अमरीका ने व्यापार, प्रौद्योगिकी और भू-राजनीतिक मुद्दों पर अपना रुख बेहद कठोर कर लिया है। सवाल है कि करोड़ों रुपए खर्च कर जी-20 देशों के मंत्रियों, प्रतिनिधियों की बैठकें देश के विभिन्न हिस्सों में आयोजित की जा चुकी हैं, लेकिन चीन-रूस के अलग-थलग रवैये ने जी-20 की प्रासंगिकता को क्या कम नहीं कर दिया है? रूस तो भारत का पुराना मित्र है, लेकिन चीन भारत को सशक्त और विकसित होते नहीं देख सकता।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## बिजली कटौती से नाराज कांग्रेसियों ने अभियंता का किया घेराव

हरिद्वार। फाउंड्री गेट स्थित ऊर्जा निगम कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजली कटौती के खिलाफ प्रदर्शन कर अधिशासी अभियंता का घेराव किया। कांग्रेसियों ने कहा कि ऊर्जा निगम की कार्यप्रणाली से आम जनता परेशान है। महानगर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष अमन गर्ग और शिवालिक नगर ब्लॉक अध्यक्ष अमित नौटियाल ने कहा कि एक तरफ बिजली के दामों में बढ़ोतरी कर भाजपा सरकार जनता पर बोझ डाल रही है। वहीं दूसरी तरफ बिजली कटौती कर आमजन परेशान है। वरिष्ठ नेता राजबीर सिंह और पीसीसी सदस्य मुरली मनोहर ने कहा कि भाजपा सरकार में जनता को बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। सरकार मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं करा पा रही है। वरिष्ठ नेता महेश प्रताप राणा, युवा नेता वरुण बालियान ने कहा कि अगर जल्द निगम ने बिजली कटौती पर अंकुश नहीं लगाया तो कांग्रेस बड़ा जन आंदोलन शुरू करेगी।

## शिक्षक दिवस पर एसएमजेएन कॉलेज के प्राचार्य को सम्मानित किया

हरिद्वार। शिक्षक दिवस पर अन्तर्राष्ट्रीय एलाइन्स क्लब, यूको बैंक, संस्कृत विवि, छात्र छात्राओं ने एसएमजेएन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बत्रा को सम्मानित किया। क्लब के सुखपाल सिंह राणा ने कहा कि शिक्षकों का हमारे जीवन में अमूल्य योगदान है। प्राचार्य प्रो. कुमार बत्रा ने कहा कि शिक्षकों के योगदान से देश तेजी से सफलता के मार्ग पर अग्रसर है। इस दौरान प्रमोद शर्मा, विनोद मित्तल, राकेश अरोड़ा, रामदेव मौर्य, अभिषेक आर्य, नीलम रानी, मीनू, मोनिका, अनन्या भटनागर, साक्षी गुप्ता,भव्या भगत, पिंकी वर्मा,मुस्कान, चंचल, सीमा कोरी, स्मिता आदि मौजूद रहे। संस्कृत विवि में कुलपति प्रो. दिनेशचन्द्र शास्त्री ने प्रो. कुमार बत्रा को सम्मानित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### तहसील दिवस में मात्र दो शिकायतों का निस्तारण

रुडकी। भगवानपुर तहसील स्थित सभागार में मंगलवार को समाधान दिवस के दौरान 15 शिकायतकर्ता अपनी शिकायतों के निस्तारण के लिए तहसील पहुंचे। तहसील दिवस में मात्र दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण हो सका बाकि शिकायतों को निस्तारण के लिए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को भेज दिया गया है। इस दौरान उप जिला अधिकारी जितेन्द्र सिंह ने पिछले तहसील दिवस की समीक्षा की। इसके बाद क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं को सुना। तहसील दिवस पर पैमाइश, फसलों के खराब होने पर मुआवजा दिए जाने आदि से सम्बन्धित 15 शिकायतें पहुंचीं।

### अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

रुड़की। पुलिस के अनुसार सूचना मिली कि नन्हेड़ा अनन्तपुर गांव के समीप संपर्क मार्ग पर एक कार में शराब भरकर ले जा रहे हैं। सूचना पर भगवानपुर पुलिस ने संपर्क मार्ग से एक कार को आते देखा तो रोक कर तलाशी ली। उसमें दो पेटी देसी अवैध शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गुलशन निवासी रायपुर बताया पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। उप निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने बताया कि पकड़े गए युवक को न्यायालय भेजने की तैयारी शुरू कर दी गई है। साथ ही फरार आरोपी की तलाश में ताबिश दी जा रही है।

### बच्चों के भविष्य की जिम्मेदारी शिक्षकों के कंधों पर होती है

रुड़की। आरएनआई इंटर कॉलेज में आयोजित शिक्षक दिवस कार्यक्रम में जनपद हरिद्वार के सभी ब्लॉकों के पिछले दो साल में सेवानिवृत शिक्षकों को सम्मानित किया गया। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी आशुतोष भंडारी और भगवानपुर खंड शिक्षा अधिकारी संजीव जोशी बतौर अतिथि पहुंचे। जनपद के प्राथमिक स्कूलों से सेवानिवृत्त 62 शिक्षकों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही छह ब्लॉक के 12 विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष मुकेश चौहान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### खेत से मगरमच्छ पकड़ा

रुड़की। शहर के एक गांव के खेत से मगरमच्छ को पकड़ कर बाण गंगा नदी में छोड़ दिया गया। इस दौरान लोगों की काफी भीड़ जमा रही। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के जोरासी गांव में ग्रामीणों से वन विभाग को सूचना मिली कि गांव के खेत में मगरमच्छ देखा गया है। इसके बाद स्थानीय युवकों ने मगरमच्छ को पकडने में अहम भूमिका निभाई। मगरमच्छ को पडकर सकुशल बाढ़ गंगा नदी में छोड़ दिया गया। शहर में इससे पहले भी कई बार पूर्वी तालाब, खेत और आबादी में मगरमच्छ घुस चुका है।

### एचआरडीए के कार्यालय निर्माण को बोर्ड की हरी झंडी

रुड़की। नियोजित विकास को बढ़ावा देने के लिए गठित किए गए हरिद्वार-रुड़की विकास प्राधिकरण के पास रुड़की में अपना खुद का कार्यालय नहीं है। यहां कार्यालय यूपी सिंचाई विभाग के भवन में किराये पर संचालित किया जा रहा है। प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में बीती शाम कार्यालय के निर्माण के लिए हरी झंडी दे दी है। इसके बाद अब कार्यालय निर्माण के लिए जमीन की तलाश तेज कर दी गई है। सहायक अभियंता डीएस रावत ने बताया कि कार्यालय निर्माण के लिए अब जल्दी ही जमीन की तलाश करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अगर कोई व्यक्ति पूर्व में सील किए गए अवैध निर्माण की सील तोड़ कर निर्माण करता पाया गया तो उसके खिलाफ पुलिस में मुकदमा दर्ज कराकर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### मोबाइल लूटने में तीन युवक गिरफ्तार

हरिद्वार। भारापुर भौरी निवासी युवक का फोन लूटने के आरोप में पुलिस ने एक ही गांव के तीन युवकों को दो मोबाइल फोन और तीन चाकुओं के साथ गिरफ्तार किया है। सोमवार दोपहर को इरफान अली गांव से अपनी बहन के घर काशमपुर पैदल जा रहे थे। पीछे से आए तीन युवकों ने डरा धमका कर उनका मोबाइल फोन लूट लिया और जंगल के रास्ते से भाग निकले थे। सोमवार रात ही पुलिस ने मरगुबपुर में मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर मस्जिद के पास से तीनों युवकों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से लूटे गए दो मोबाइल फोन और तीन चाकू मिले हैं। पुलिस उन्हें पकड़कर थाने ले आई। इंस्पेक्टर ने बताया कि नशे की लत पूरी करने को लेकर राहगीरों से चाकू की नोक पर लूटपाट करते थे। थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र शाह ने बताया कि इसरार पुत्र सफाकत, कुर्बान पुत्र मुजफ्फर, सलमान पुत्र इरशाद निवासीगण मरगूबपुर के पास से लुट गए दो मोबाइल फोन और तीन चाकू मिले हैं।

### गणितीय अवधारणा एवं मापन की दी जानकारी

हरिद्वार। ब्लॉक बहादराबाद के सेवारत प्रशिक्षण के पांचवे दिन आत्मलपुर बोंगला बीआरसी में निपुण भारत मिशन के तहत प्रतिभागियों को गणितीय अवधारणा और मापन की विभिन्न सत्रों के माध्यम से जानकारी दी गई। उप राज्य परियोजना निदेशक प्रद्युमन रावत, एससीईआरटी प्रवक्ता डॉ. राकेश गैरोला ने प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रद्युमन रावत ने कहा की निपुण भारत मिशन को सफल बनाने की जिम्मेदारी शिक्षकों के कंधों पर है। बच्चों के लिए भाषा और गणितीय ज्ञान आवश्यक है। अगर बच्चे इससे अछूते रहे तो उनकी बुनियाद ही कमजोर पड़ जाएगी। इस दौरान बीआरसी प्रभारी मुकेश कुमार, प्रशिक्षण सह प्रभारी अश्वनी कुमार, डॉ. शिवा अग्रवाल, राकेश सिंह, सुमित कुमार, नीरज कुमार, देवयानी, सुंदर पाल, आरती धीमान, दीक्षांत चौहान, राशिद अली, अंजू वर्मा, राजेश मौजूद रहे।

### तीर्थ पुरोहितों ने किया उदयनिधि स्टालिन और विपक्षी दलों के खिलाफ प्रदर्शन

हरिद्वार। अखिल भारतीय युवा तीर्थ पुरोहित महासभा ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और वहां की सरकार में मंत्री उदयनिधी स्टालिन के खिलाफ प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि उन्होंने सनातन धर्म को मानने वालों के खिलाफ गलत टिप्पणी की। उनके गठनबंधन में शामिल दलों के खिलाफ भी नाराजगी जताई। महासभा के अध्यक्ष उज्ज्वल पंडित ने कहा कि उदयनिधी स्टालिन ने एक सम्मेलन में जो बयान दिया वह अपराध की श्रेणी में आता है। यह देश के उन करोड़ों लोगों का अपमान है जो सनातन धर्म को मानते हैं। विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया में उदयनिधि की पार्टी डीएमके शामिल है। इस गठबंधन के बाकी दलों कांग्रेस,सपा,जदयू,राजद, एनसीपी, शिव सेना (उद्धव), आप पर निशाना साधा। कहा कि उन्होंने सनातन का समर्थन नहीं किया। प्रदर्शन करने वालों में अचल, अभिषेक, दुर्गा शास्त्री, शिवांग मिश्रा, राजा शर्मा, आयुष शास्त्री, रमेश मिश्र, राजदीप, राजेश शर्मा, चंदन मिश्रा,अनुज शर्मा आदि मौजूद रहे।

# हरिद्वार एसएसपी की अगुवाई में बुलंदी पर लहरा रहा है हरिद्वार पुलिस का परचम







**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार 06 सितम्बर : घुमंतू/खानाबदोश जीवनशैली से जुड़े अपराधी उस अक्सर विभिन्न स्थानों में रहकर चोरी/लूट/हत्या जैसी गंभीर आपराधिक घटनाओ को अंजाम देकर उस स्थान को छोड़कर अन्य किसी दूसरे स्थान पर जाकर अपना डेरा लगा लेते है ऐसे में इन्हें ढूंढ निकलना बेहद कठिन एवं पुलिस के लिए हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। कुछ ऐसी ही चुनौती का सामना लक्सर, खानपुर, मंगलौर क्षेत्र के घरो में चोरी एवं लूट करने वाले कुख्यात सपेरा गैंग को तलाशने में हरिद्वार पुलिस को भी करना पड़ा। यह पूरा गैंग और इनके रिश्तेदार ज्यादातर चोरी, लूट, हत्या व डकैती जैसी गंभीर घटनाओं को अंजाम देते हैं और मौके से फरार हो जाते हैं, क्योंकि अपने पीछे कोई सुराग छोड़कर नहीं जाते जिस कारण इनका पकड़ना हमेशा ही चुनौतीपूर्ण होता है।

इस गैंग के सदस्यों/रिश्तेदारों ने मानवता को शर्मसार करते हुए वर्ष 2017 में कोतवाली लक्सर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सैदाबाद में लूटपाट कर एक वृद्ध व्यक्ति व वृद्धा महिला की जघन्य हत्या का अपराध भी किया था। जबकि वर्ष 2021 में थाना कनखल में जगजीतपुर क्षेत्रांतर्गत पकडे गये ईनामी अभियुक्त नीटू गैंग द्वारा लूट पाट कर एक वृद्ध महिला की हत्या कर दी गई थी जिसमें अभियुक्त नीटू व उसके साथी को तत्समय गिरफ्तार किया गया था।

विगत कुछ समय में जनपद के देहात क्षेत्र में जगह-जगह हो रही लूट व चोरी की घटनाओं से जहां आमजनता परेशां थी तो वहीं पुलिस पर भी इनके सफल खुलासे का काफी दबाव था। सर्विलांस एवं मैन्युअल पुलिसिंग के आधार पर चिन्हित किए गए कुछ बदमाशों पर देहात क्षेत्र में चोरी व लूट के मुकदमों में लगातार फरार चलने पर एसएसपी द्वारा ईनाम भी घोषित किया गया था। नीटू पर ₹ 10000, घमीर पर ₹ 10000 एवं वतन पर ₹ 5000 का इनाम घोषित किया गया था।

मामलों की पेचीदगियों पर एसपी देहात स्वप्न किशोर सिंह को प्राथमिकता के आधार पर पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी देते हुए ईनामी अभियुक्तों की धरपकड़ हेतु विशेष टीमें गठित कर जल्द पॉजिटिव रिजल्ट देने के निर्देश दिए गए थे। प्राप्त निर्देशो के अनुक्रम में सीओ लक्सर मनोज कुमार के नेतृत्व मे कोतवाली लक्सर तथा थाना खानपुर की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा गहन सुरागरसी पतारसी करते हुये फरार चल रहे चोरी व लूट के अभियुक्त नीटू, घमीर व वतन को मुखबिर द्वारा जल्दी ही नई घटना को अंजाम दिए जाने की सूचना पर थिथौला मंगलौर से दबोचने में सफलता हासिल की।

ऐसे देते थे लूट चोरी की घटनाओं को अंजामये लोग अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर पहले गांव-गांव जाकर घरो की रैकी करते हैं। वारदात को अन्जाम देने से पहले ये लोग अपनी-अपनी बाईकों को गांव के बाहर खडा कर अपने कपडे/चप्पल जूते उतारकर नेकर व बनियान पहनकर योजनाबद्ध तरीके से चोरी/लूट की घटना को अंजाम देते हैं। अभियुक्तों द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर कोतवाली लक्सर क्षेत्र के ग्राम अला-वलपुर में मार्च के महीने में लूट की घटना को अन्जाम देने का प्रयास किया गया था जिसमें गृह स्वामी एवं उनके बेटे ने साहस का परिचय देते हुये अभियुक्त गगन को मौके पर ही पकड कर वारदात को असफल कर दिया था जबकि अन्य बदमाश मौके से फरार हो गये थे। इसके अलावा इस गैंगवल द्वारा गंगा विहार कालोनी, बसेडी खादर मन्दिर, सुल्तानपुर, सहित थाना खानपुर व मंगलौर क्षेत्र में कई जगहो मे चोरी/नकबजनी की घटनाओं को अन्जाम दिया गया है।

एक माह पूर्व इसी गैंग के कुछ रिश्तेदार थाना रामराज जिला मुजफ्फरनगर में लूट एवं चोरी के मामलों में गिरफ्तार किये गए थे। इनकी निशांदेही पर इनके अस्थाई घर सपेरा बस्ती घिस्सूपुरा पथरी से लक्सर के मुक़दमों से सम्बन्धित चोरी की एक जोडी चाँदी की पाजेब व एक जोडी सोने के कानो के टोप्स, थाना खानपुर में दर्ज मुकदमें से सम्बन्धित दो कान का कुण्डल, एक मंगलसूत्र तथा कोतवाली मंगलौर के मुकदमों से सम्बन्धित एक कान का कुण्डल बरामद हुआ है।

अभियुक्तों का विवरण व घोषित ईनाम-

1-नीटू पुत्र कमलू उर्फ राकेश निवासी सपेरा बस्ती, घिस्सूपुरा, पथरी हरिद्वारइनामी ₹10,000/- 2- घमीर उर्फ घमीरा पुत्र नीटू निवासी सपेरा बस्ती, घिस्सूपुरा. पथरी, हरि-द्वारइनामी ₹10,000/- 3-वतन पुत्र ओमप्रकाश निवासी सपेरा बस्ती घिस्सुपुरा थाना पथरी हरिद्वारइनामी ₹ 5000/-

**अनावरण हुए मुकदमों का विवरण**

1- मु0अ0स0 153/23 धारा 356/379 भादवि , कोतवाली लक्सर हरिद्वार।2- मु0अ0स0 197/23 धारा 380/427/295/411 भादवि, कोतवाली लक्सर हरिद्वार3- मु0अ0स0 234/23 धारा 380/457/411 भादवि, कोतवाली लक्सर हरिद्वार 4- मु0अ0स0 235/23 धारा 457/380/411/34 भादवि कोतवाली लक्सर हरिद्वार। 5- मु0अ0स0 242/23 धारा 457/394/397/34 भादवि , कोतवाली लक्सर हरिद्वार।6- मु0अ0स0 243/23 धारा 380/411/34 भादवि , कोतवाली लक्सर हरिद्वार 7- मु0अ0स0 662/23 धारा 380/411/34 भादवि , कोतवाली मंगलौर जनपद हरिद्वार।8- मु0अ0स0 110/23 धारा 380/411/34 भादवि, थाना खानपुर, हरिद्वार 9- मु0अ0स0 161/23 धारा 380/411/34 भादवि, थाना खानपुर, हरिद्वार 10-मु0अ0स0 172/23 धारा 380/411/34 भादवि, थाना खानपुर, हरिद्वार।

**अन्य आपराधिक इतिहास-**

1- मु0अ0सं0 198/21 धारा 394/302/411/457/34 भादवि थाना कनखल हरिद्वार। (नीटू गैंग से सम्बन्धित)2- मु0अ0सं0 445/22 धारा 4/25 शस्त्र अधि0 थाना पथरी हरिद्वार। (नीटू गैंग से सम्बन्धित)3- मु0अ0सं0 171/18 धारा 9/51/39 वन्य जीव जन्तु अधि0 पथरी हरिद्वार (नीटू गैंग से सम्बन्धित)4- मु0अ0सं0 359/19 धारा 380/411 भादवि कोतवाली मंगलौर हरिद्वार (वतन गैंग से सम्बन्धित)5- मु0अ0स0 362/19 धारा 380/411 भादवि कोतवाली मंगलौर हरिद्वार (वतन गैंग से सम्बन्धित) 5- मु0अ0सं0 372/19 धारा 380/411 भादवि कोतवाली मंगलौर हरिद्वार (वतन गैंग से सम्बन्धित)6- मु0अ0सं0 375/19 धारा 380/411 भादवि कोतवाली मंगलौर हरिद्वार (वतन गैंग से सम्बन्धित)

**बरामदगी-**

1- एक जोडी चाँदी की पाजेब।
2- तीन कान के कुण्डल सोने के।
3- एक जोडी कान के टोप्स सोने के।
4- एक मंगलसूत्र चाँदी का।
5- दो आधार कार्ड वादी निरपाल व अन्य परिजन का।

# हरिद्वार : राह चलते लोगों से लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाला गैंग गिरफ्तार

## फिर गिरफ्त में आया स्नैचर गैंग, अब मिली रानीपुर पुलिस को सफलता

- मोबाइल स्नैचरों गैंग के कॉलर तक पहुंचे हरिद्वार पुलिस के हाथ
- भीड़ के बीच राह चलते लोगों से मोबाइल छीनकर होते थे मौके से फरार
- लूट की दो घटनाओं में प्रयुक्त मोटर साइकिल सहित 02 अभियुक्तों आए गिरफ्त में
- कब्जे से मुकदमों से सम्बन्धित 02 मोबाइल सहित कुल 13 मोबाइल किए गए बरामद



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार 06 सितम्बर : अज्ञात बाइक सवार युवकों द्वारा भीड़ के बीच मोबाइल छीन कर मौके से भाग जाने के सम्बन्ध में दिनांक 03.09.2023 कोतवाली रानीपुर में अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध दर्ज किए गए मु0अ0सं0 393/23 व मु0अ0सं0 394/23 धारा 392 भा.द.वि. में गठित पुलिस टीम ने साक्ष्य संकलन करते हुए अल्प समय में प्रकरणों से जुड़े दोनों अभियुक्तों को दबोचने में सफलता हासिल की।

सर्विलांस व सीसीटीवी कैमरो फुटेज के माध्यम से अभियुक्तों की सुरागरसी/पतारसी हेतु कोतवाली रानीपुर व सी0आई0यू0 को मिलाकर गठित की गई संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर दिनांक 04.09.203 को अभियुक्त राजतिलक व मोहित को पेट्रोप पम्प के पास शिवालिक नगर से घटना में प्रयुक्त वाहन व लूट के 02 मोबाइल के साथ दबोचा। अभियुक्तों की निशानदेही पर लूट/चोरी के विभिन्न कम्पनी के अन्य 11 मोबाइल भी बरामद किये है ।

नाम पता अभियुक्त-

1.राज तिलक पुत्र धूम सिंह निवासी किरतपुर, बिजनौर उ0प्र0 हाल पता सिडकुल2.मोहित पुत्र धर्मवीर निवासी ब्रह्मपुरी सिडकुल

बरामदगी-

1. मु0अ0सं0 393/23 धारा 392,411 भादवि से सम्बन्धित मोबाईल vivo कम्पनी2. मु0अ0सं0 394/23 धारा 392,411 भादवि से सम्बन्धित मोबाईल mi कम्पनी3. विभिन्न कम्पनी के अन्य 11 अदद मोबाईल4. घटना मे प्रयुक्त वाहन मोटर साईकिल प्लसर